Book Ad Any category of Classified and get
Special Discount
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
Discount Code TBC10
Contact:
Kunika Advertising
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
Mo. 8130640000

Year- 17 **Issue-** 37
Ghaziabad, Sunday, 08 February- 2026

08 February to 14 February- 2026

Page: 8

RNI.No: UPBIL/2009/28691
DAVP Code:101473
Editor: Dheeraj Kumar
Mob.: 9871895198

TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.in

Email: editor@tbam.co.in

पीएचसी वसुंधरा में रोटरी क्लब इन्दिरापुरम परिवार व आरएचएएम फाउंडेशन ने किया पोषण आहार का वितरण

टीबीसी संवाददाता

गाजियाबाद। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत रोटरी क्लब इन्दिरापुरम परिवार और आरएचएएम फाउंडेशन (रहम) के संयुक्त तत्वावधान में पीएचसी वसुंधरा में मातृ स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण एवं टीबी जागरूकता को लेकर पोषण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन सप्लीमेंट, जूस तथा विभिन्न पोषक आहार सामग्री वितरित की गई।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एनीमिया और कुपोषण जैसी समस्याओं से बचाव के लिए नियमित जांच और उचित पोषण को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सकता है।

कार्यक्रम में टीबी के लक्षण, कारण, बचाव और उपचार की जानकारी भी दी गई तथा निःशुल्क सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, स्वच्छता और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई।

इस अवसर पर प्रतीक भार्गव, विक्रम सिंह, संजय शर्मा सहित पीएचसी का चिकित्सा एवं सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में गाजियाबाद व दिल्ली-एनसीआर के कई रोटरी क्लबों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लबों के सदस्यों ने गौवंशों को खिलाया हरा चारा

टीबीसी संवाददाता

गाजियाबाद। समाजसेवा, करुणा और मानवीय दायित्व की भावना को सशक्त करते हुए आरएचएएम फाउंडेशन ने लीडिंग क्लब रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रीन के सहयोग से एक व्यापक गौसेवा अभियान प्रारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य गोवंश के लिए नियमित रूप से पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना और समाज में पशु संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस अभियान में रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन, इंदिरापुरम गैलोर, इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, दिल्ली लेगेसी, प्रीत विहार, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ एलीट और हापुड़ प्लेटिनम सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। सभी क्लब सामूहिक रूप से इस सेवा कार्य को निरंतर गति प्रदान कर रहे हैं।

परियोजना के तहत प्रत्येक बुधवार प्रातः कनावनी स्थित भारत गौशाला में गोवंश के लिए ताजा हरा चारा उपलब्ध कराया जा रहा है।

कार्यक्रम में आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव, सचिव मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब दिल्ली लेगेसी के अध्यक्ष राजेश गोयल, अजय चौधरी, रोटरी क्लब इंदिरापुरम परिवार के अध्यक्ष सुनील जिंदल, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रीन के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, प्रतीक भार्गव और कुनिका भार्गव सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। यह सामूहिक प्रयास गौसेवा के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व को दर्शाता है और आरएचएएम फाउंडेशन व सभी सहभागी रोटरी क्लबों की मानवीय मूल्यों, करुणा और स्थायी सामुदायिक सेवा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रभावशाली उदाहरण पेश करता है।

Editorial

Trade Agreements and Farmers

Prime Minister Modi, in his parliamentary address, revealed that India has already signed trade agreements with 9 countries and is in negotiations with 24 others. Commerce Minister Piyush Goyal also informed Parliament that India and the six countries of the Gulf Cooperation Council (GCC) have agreed on the terms for initiating negotiations on a Free Trade Agreement (FTA) on Thursday. These countries include the UAE, Saudi Arabia, Qatar, Kuwait, Bahrain, and Oman. The Commerce Minister also disclosed that the India-US joint statement will be made public in 4-5 days, while the agreement will be signed in mid-March. Clearly, much remains to be decided. Only a preliminary agreement has been reached between the two countries. In this context, the opposition's outcry is incomprehensible. Leader of the Opposition in the Rajya Sabha, Mallikarjun Kharge, even went so far as to say that the agreement would ruin Indian farmers. Someone else claimed that farmers had been betrayed in the dead of night. Why are opposition leaders lamenting a "farmer-unfriendly agreement" when Union Agriculture Minister Shivraj Singh Chouhan has clearly stated that no agreement has been reached regarding the agriculture and dairy sectors? Farmers and livestock owners are completely safe and protected. The reality is also that India has to import many agricultural products because our farmers cannot produce enough to meet the demand. People need these products. We import pulses, dry fruits, edible oils, fruits, and vegetables worth $26 billion. This means that foreign companies are already present in the Indian market and are conducting business worth billions of dollars. Of course, imports of these agricultural products from the US are relatively low. If importing these products from the US becomes cheaper, will we stick to the agreement and refuse to buy these products from the US? This is a very sensitive question. Since there is demand and need for these products in the country, importing them is a "national necessity." A report from the State Bank of India suggests that if dairy products from the US enter India, local dairy farmers would suffer losses of approximately ₹1,03,000 crore. Is this report accurate and realistic? It is also argued that cows in the US are fed meat and animal fat, and therefore their milk would contain traces of these, potentially violating the religious beliefs of countless Indians. Overall, it seems that the agriculture and dairy sectors remain underdeveloped and vulnerable.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

Anupam Kher's 'Actor Prepares' Acting Institute Launches in New Delhi, Bringing World-Class Training to Aspiring Actors

New Delhi. Internationally acclaimed actor and Padma Bhushan awardee Anupam Kher's acting institute Actor Prepares has officially launched its new centre in Safdarjung Enclave, New Delhi. The expansion marks a significant step in bringing world-class acting education to aspiring performers in the National Capital Region.

Founded in 2005 in Mumbai by Anupam Kher, Actor Prepares is regarded as one of India's leading acting institutes. It is also known as one of the few acting schools globally that is headed by a professionally active international film actor. Over the years, the institute has built a strong reputation for its disciplined and industry-oriented training methods.

Speaking on the occasion, Anupam Kher expressed his excitement about bringing the institute to Delhi, describing the city as a hub of creativity and artistic ambition.

He said the new centre will provide aspiring actors with access to professional training led by experienced industry faculty.

The institute was inaugurated in Delhi by award-winning actor, writer and director Boman Irani, who highlighted the importance of such institutions in nurturing discipline, authenticity and artistic confidence among emerging performers.

Over the years, Actor Prepares has trained and mentored several well-known actors from Indian cinema, including Deepika Padukone, Hrithik Roshan, Varun Dhawan, Kiara Advani, Abhishek Bachchan and Preity Zinta, further strengthening its reputation as a launchpad for serious acting talent.

The New Delhi centre will offer a variety of professional training programmes, including full-length acting courses, on-camera training modules, specialised workshops in voice, movement and audition preparation, as well as guest sessions and masterclasses by industry professionals.

According to the institute, students will follow an integrated curriculum designed to build confidence, technical skills and professional readiness. On completion of training, students will receive official certification along with guidance from the in-house casting team to help them transition from classroom training to industry opportunities.

Movie Review: Paro–Pinaki Ki Prem Kahani

An Incomplete Love Story Revolving Around the Toxic Gas of Sewers

Rating: ★★★ (3 Stars)

After watching this film, viewers will surely appreciate lead actress and maker Ishita Singh for investing her personal savings to create a film on such a sensitive subject. The film reflects sincerity and simplicity, and it is evident that the intention was not box-office profit but to highlight an important social issue.

Many times we read news reports about sanitation workers dying while cleaning sewers due to exposure to highly toxic gases, yet such news is often ignored as we quickly turn the newspaper page. Governments and authorities too often overlook this issue. Ishita Singh, daughter of Rajya Sabha MP Sanjay Singh, took this matter seriously and, along with her research team, worked extensively on the subject. She presents this grave issue through a simple yet emotionally moving love story—one that never reaches its destined conclusion.



Story Plot

Maryam (Ishita Singh), who lives with her family in a Mumbai slum, sells vegetables in the market along with her father. Maryam, also known as Paro, falls deeply in love with Pinaki (Sanjay Bishnoi), a young man living in a nearby colony who works as a sewer cleaner. She often brings food from home to meet him. However, her father strongly disapproves of the relationship and eventually sells her to a human-trafficking gang, forcing Maryam to live a life of suffering away from her true love. Pinaki, devastated, sets out



in search of her, forgetting everything else. Whether he succeeds in finding Maryam and whether their love story finds closure can only be discovered by watching the film.

Overall

Ishita Singh has stated that the film is not merely a love story but an attempt to portray the realities of sections of society that cinema rarely highlights. The film strives to present the real lives of sewer workers and street vendors. Ishita performs her role without makeup and portrays the character with sincerity and honesty. Sanjay Bishnoi, though slightly weak in a few scenes, remains committed to his character. Writer-director Rudra Jadon deserves appreciation for shooting the film largely on outdoor locations within a limited budget while staying true to the story's demands. Because the film raises such an important issue, many of its technical shortcomings can be overlooked. Viewers who prefer realistic and socially relevant cinema may find this film worth watching.

Cast: Ishita Singh, Sanjay Bishnoi, Hanuman Soni, Dhananjay Sardesh Pandey

Producers: Ishita Singh, Utkarsh Singh, Sanjay Bishnoi, Pratap Jadon, Samar Singh

Director: Rudra Jadon

Music: Britto

Censor: U

Duration: 94 minutes

'सॉरी पापा, 50वाँ टास्क आखिरी था...', गाजियाबाद की 3 बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

टीबीसी संवाददाता

गाजियाबाद। 'सॉरी, पापा' - ये उन तीन बहनों के आखिरी शब्द थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में अपनी रिहायशी बिल्डिंग की नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार को सुबह करीब 2 बजे हुई। 12, 14 और 16 साल की तीन बहनों की आत्महत्या ने एक ऐसे कोरियाई गेमिंग ऐप पर ध्यान खींचा है, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और माना जा रहा है कि लड़कियां उसकी आदी थीं। लड़कियों के पिता ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने उन्हें बताया था कि लड़कियां एक टास्क-बेस्ड कोरियाई ऑनलाइन गेमिंग ऐप खेल रही थीं। पिता ने कहा, 'अधिकारियों ने मुझे बताया कि कल आखिरी टास्क था।' बिल्डिंग के अंदर कमरे की दीवार पर कुछ लिखावट भी मिली है। नोट में रोने वाले इमोजी के साथ लिखा था, 'इस डायरी में जो कुछ भी लिखा है, वह सच है, इसे अभी पढ़ो।' बहनों की पहचान निशिका (16), प्राची (14) और पाखी (12) के रूप में हुई है, उन्होंने अपने माता-पिता से माफी भी मांगी है। पीड़ितों के कमरे से एक नोट मिला, जिसमें एक रोने वाला इमोजी था, जिस पर लिखा था, 'एक सच्ची कहानी। इस डायरी में जो कुछ भी लिखा है, वह सब पढ़ लो, क्योंकि यह सब सच है। अभी पढ़ो! मुझे सच में बहुत अफसोस है, सॉरी पापा,' सुसाइड नोट में रोने वाले इमोजी के साथ यह लिखा था। नोट में लिखा था 'सच्ची ज़िंदगी की कहानी। इस डायरी में जो कुछ भी लिखा है, वह सब पढ़ लो क्योंकि सब सच है। अभी पढ़ो। मुझे सच में बहुत अफसोस है, सॉरी पापा। इस बीच, दीवार पर लिखी लिखावट में लिखा था, 'मैं बहुत, बहुत अकेली हूँ। मेरी ज़िंदगी बहुत, बहुत अकेली है।' पुलिस सूत्रों ने बताया कि वे इस मामले की कई एंगल से जांच कर रहे हैं, जिसमें बहनों की एक कोरियन ऑनलाइन गेमिंग ऐप की कथित लत भी शामिल है, जिसमें टास्क होते थे। पुलिस ने बताया कि बहनें कोरियन कल्चर से प्रभावित थीं और ऐप पर काफी समय बिता रही थीं। उनके पिता, चेतन कुमार, ऐसे किसी ऐप के बारे में नहीं जानते थे। घटना से स्वाभाविक रूप से सदमे में दिखते हुए, उन्होंने कहा कि गेमिंग ऐप में 50 टास्क थे और कल आखिरी टास्क था। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी बेटियों के जिस ऐप की लत थी, उसके बारे में फोरेंसिक विशेषज्ञों से पता चला, जिन्हें घटना का पता चलने के बाद मौके पर बुलाया गया था। यह घटना तब सामने आई जब सोसायटी के निवासियों ने जोर की आवाज सुनी। जल्द ही पुलिस को बुलाया गया, जिसने लड़कियों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिवार के फ्लैट की तलाशी के दौरान, पुलिस को सुसाइड नोट मिला, जिसे जांच के हिस्से के रूप में कब्जे में ले लिया गया है। घटना के तुरंत बाद कमरे की एक तस्वीर में परिवार की कई तस्वीरें एक पन्ने के नोट के साथ बिखरी हुई दिखाई दे रही थीं। पुलिस ने बताया कि वे परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रहे हैं और लड़कियों के मोबाइल फोन के साथ-साथ उनकी डिजिटल गतिविधियों की भी जांच कर रहे हैं। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस निमिष पाटिल ने बताया कि लड़कियों के परिवार ने कुछ दिनों के लिए मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी और अब तक टास्क या गेम्स के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनी जन शिकायतें

टीबीसी संवाददाता

गाजियाबाद। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जा रहा है। अब तक विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों जिनमें पुलिस एवं तहसील की जाँच आख्यायें प्राप्त होकर समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण हो चुकी थी, को जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। जनसुनवाई के दौरान एडीएम ई, एडीएम एल/ए, एडीएम जे, जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रभावी पैरवी से आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

गाज़ियाबाद। कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस को ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत बड़ी सफलता मिली है। दुष्कर्म के एक मामले में प्रभावी पैरवी के चलते अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास और 70 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने 6 फरवरी को सुनाया। मामला थाना साहिबाबाद क्षेत्र में वर्ष 2012 में दर्ज किया गया था। पीड़िता के भाई ने 7 अगस्त 2012 को थाना साहिबाबाद में मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि आरोपी रियासत पुत्र फिरासत निवासी अमरोहा ने उसकी बहन, जो अनुसूचित जाति से संबंध रखती है, के साथ जबरन दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की जांच तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय अरविंद कुमार यादव द्वारा की गई। जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। न्यायालय में वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अखिलेश कुमार ने प्रभावी पैरवी करते हुए आरोपी के खिलाफ ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने आरोपी को धारा 376(1) आईपीसी के तहत आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)5 के तहत आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।



उधार के पैसे मांगने पर की थी प्रेम की हत्या, दो अरेस्ट

मृतक का मोबाइल, सिम कार्ड व दो चाकू बरामद

टीबीसी संवाददाता

गाजियाबाद। थाना लिंकरोड क्षेत्र में शौचालय पर काम करने वाले प्रेम कुमार नाम के युवक द्वारा उधार के पैसे मांगने पर अभियुक्तों ने उसे मौत के घाट उतार दिया। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वहीं अभियुक्तों के कब्जे से मृतक का मोबाइल फोन, सिम कार्ड व दो चाकू बरामद हुए है। जानकारी के अनुसार तीन फरवरी को कुलदीप सिंह द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि वैशाली मेट्रो स्टेशन के सामने कौशांबी बस स्टैंड पर बने शौचालय पर काम करने वाले प्रेम कुमार निवासी गोंडा की किसी ने हत्या कर दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना के खुलासे हेतु टीमों का गठन किया और पांच फरवरी को पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए मुखबिर की सूचना के आधार पर सुखबीर उर्फ सुमित निवासी जिला अलीगढ़ व राकेश प्रसाद उर्फ छोटू निवासी पश्चिम बंगाल को महाराजपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि वह दोनों नशे के आदी हैं और कौशांबी बस अड्डे के सामने बने शौचालय के पास ही अक्सर नशा करते थे। इसी दौरान मृतक प्रेम भी अभियुक्तों के साथ कभी-कभी नशा कर लेता था लगभग दस - बारह दिन पहले दोनों अभियुक्त कौशांबी शौचालय पर गए थे और दोनों पर शौचालय के तीन सौ रुपए उधार हो गए थे इसलिए प्रेम कुमार ने उनसे उधार के पैसे मांगते हुए शौच करने से मना कर दिया था वहीं पर कुलदीप सुपरवाइजर भी इस दौरान आ गया था। प्रेम कुमार और राकेश की आपस में मारपीट हो गई और दो फरवरी को दोनों अभियुक्त कौशांबी शौचालय को छोड़कर वैशाली मेट्रो के सामने वाले शौचालय पर आए वहां पर मृतक प्रेम कुमार शौचालय के अंदर बैठा था उसके अलावा वहां कोई और मौजूद नहीं था दोपहर के समय दोनों अभियुक्त शौच करने लगे तो मृतक प्रेम कुमार ने उनसे उधार के पैसे मांगे और इसी बात को लेकर दोनों में फिर से झगड़ा होने लगा। दोनों ने में प्रेम कुमार से बदला लेने की ठान ली और उसके बाद दोनों ने शौचालय पर बैठकर शराब पी और मौका मिलते हैं प्रेम कुमार की गला दबाकर हत्या कर दी फिर अपने स्वेटर की हुडडी के टॉप से डोरी निकाल कर उसके दोनों पैर बांध दिए इसके बाद कमरे में रखी रस्सी उठाकर दोनों हाथ बांध दिए दोनों ने मृतक की जेब से मोबाइल व छह सौ रुपए निकाल लिए और शौचालय का बाहर से ताला लगाकर दिल्ली होते हुए मथुरा चले गए। पांच फरवरी को दोनों ही कौसी से ट्रेन पड़कर गाजियाबाद आए थे पुलिस ने दोनों को चेकिंग के दौरान व मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से मृतक प्रेम का मोबाइल, सिम कार्ड व दो चाकू बरामद हुए है।

परिवहन विभाग ने ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध चलाया सघन अभियान

टीबीसी संवाददाता

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद द्वारा सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था सुदृढ करने तथा सड़कों को क्षति से बचाने के उद्देश्य से दिये गये निदेर्शों के क्रम में परिवहन विभाग, गाजियाबाद द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान जनपद के मोहननगर, इन्द्रापुरम, मेरठ रोड, पेरीफेरल रोड आदि क्षेत्रों में चलाया गया।

उक्त अभियान में प्रवर्तन दलों द्वारा नियमित एवं आकस्मिक जांच की जा रही है। जांच के दौरान निर्धारित भार क्षमता से अधिक भार लेकर चल रहे वाहनों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसी कम में दिनांक 04/05.02.2026 की रात्रि में अभियान के दौरान ओवरलोड/ प्रपत्र समाप्त 25 वाहनों को निरुद्ध किया गया है। साथ ही वाहन स्वामियों एवं चालकों को भविष्य में ओवरलोडिंग न करने के लिए चेतावनी भी दी गई है।

परिवहन विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि ओवरलोडिंग के कारण सडकों की शीघ्र क्षति होती है, दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है तथा आमजन की जान-माल को खतरा उत्पन्न होता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा ओवरलोडिंग के विरुद्ध सख्त नीति अपनाई गई है। अभियान के अंतर्गत विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी स्तर पर अनियमितता अथवा लापरवाही न हो तथा सभी कार्यवाहियाँ पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपादित की जाएं। परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों, चालकों एवं परिवहन व्यवसाय से जुड़े सभी हितधारकों से अपील की है कि वे निर्धारित मानकों का पालन करें, ओवरलोडिंग से बचें तथा सड़क सुरक्षा में अपना सहयोग प्रदान करें। यह प्रवर्तन अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाती रहेगी। यह अभियान परिवहन विभाग की टीम में अमित राजन राय, मनोज कुमार मिश्रा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गाजियाबाद तथा खनन विभाग से जिला खनन अधिकारी सौरभ चतुर्वेदी द्वारा चलाया गया।

Gurukul
THE SCHOOL
ये स्कूल, सोचता है

BOARD RESULT CLASS XII
SESSION 2024-25

SCHOOL TOPPERS

PRIYAMVADA TYAGI
99.60%

RITIKA SINGH
99.60%

UVIKA ARORA
99.20%

SAANVI GARG
99.00%

HIGHLIGHTS

TOTAL NUMBER OF STUDENTS - 140
STUDENTS SCORED ABOVE 90% - 60
STUDENTS SCORED ABOVE 95% - 32
AVERAGE AGGREGATE SCORE - 88.80%

सहायक पुलिस आयुक्त प्रियाश्री पाल ने बीट पुलिस अधिकारियों के साथ की गोष्ठी

टीबीसी संवाददाता

गाजियाबाद। गाजियाबाद में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ के निर्देश पर वेव सिटी की सहायक पुलिस आयुक्त प्रियाश्री पाल ने थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में बीट उपनिरीक्षकों और बीट पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी की। बैठक में क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बीट स्तर पर पुलिसिंग को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

एसीपी प्रियाश्री पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाई जाए और संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि बीट पुलिसिंग मजबूत होने से ही अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है और जनता में सुरक्षा का भरोसा कायम रहता है। साथ ही स्थानीय लोगों से संवाद बढ़ाने, शिकायतों का समय से निस्तारण करने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। गोष्ठी में कानून व्यवस्था से जुड़े लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी सूचना को हल्के में न लें और तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक का उद्देश्य पुलिस की सक्रियता बढ़ाकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना रहा।

मामूली कहासुनी में कुल्हाड़ी से वार कर हत्या करने वाला अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

टीबीसी संवाददाता

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ पुलिस ने ग्राम रिस्तल में श्रीजी कामधेनु डेयरी पर काम करने वाले नौकर की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या करने वाले अभियुक्त को अरेस्ट किया है। आरोपी की निशानदेही पर हत्या के समय द्वारा पहनी ऊनी जर्सी टी-शर्ट (खून के निशान लगी) व घटना स्थल से हत्या में प्रयुक्त एक कुल्हाडी रक्त रंजित बरामद हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चार फरवरी को बीरबल निवासी शिव विहार करावल नगर दिल्ली द्वारा लिखित सूचना दी गई कि उसके भाई सुनील की रिस्तल गांव में कुल्हाड़ी से अज्ञात व्यक्ति द्वारा सर पर चोट मार कर हत्या कर दी गई है, मृतक सुनील भी छह माह से रिस्त ल गांव में सत्यप्रकाश की डेयरी पर काम करता था। इस सूचना पर तत्काल टीला मोड़ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और घटना के खुलासे हेतु टीमें गठित की गई। विवेचना के दौरान डेयरी संचालक व गांव में अन्य लोगों से की गई पूछताछ तथा संकलित साक्ष्य से श्रीजी कामधेनु डेयरी पर ही

काम करने वाले दूसरे नौकर दुखराज उर्फ हीरा उर्फ अर्जुन निवासी जिला मिजार्पुर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सुनील की हत्या करने वाले अभियुक्त दुखराज उर्फ हीरा उर्फ अर्जुन निवासी जिला मिजार्पुर को श्री जी कामधेनु डेयरी स्थित एक कमरे से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त दुखराज उर्फ हीरा उर्फ अर्जुन ने पुलिस पूछताछ में बताया कि अभियुक्त 2017 से रिस्तल गांव में सत्य प्रकाश कसाना की श्रीजी कामधेनु डेयरी पर काम कर रहा था करीब पांच - छह महीने पहले सुनील उर्फ मामा अभियुक्त के साथ डेयरी पर काम करता था, इसी दौरान एक माह पहले अभियुक्त का मोबाइल खो गया था जिसकी वजह से अभियुक्त की सुनील उर्फ मामा से कहासुनी हो गई थी और अभियुक्त अपने रिश्तेदारों के यहां दिल्ली चला गया था, जब अभियुक्त दो दिन बाद वापस आया तो सुनील और अभियुक्त ने आपस में बाते करनी कम कर दी थी।

कुछ दिन बाद अभियुक्त का सुनील से दूध की कैन धोने व गाय का गोबर इकट्ठा करने को लेकर झगड़ा हुआ था और चार फरवरी के दिन अभियुक्त का काम करने को लेकर सुनील से फिर से झगड़ा व गाली गलौज हो गई, इसके बाद रात में सुनील गांव से दावत खाकर वापस आया तो रात में अभियुक्त ने देखा कि सुनील के कमरे की लाइट बंद हो चुकी है तभी अभियुक्त सुनील के कमरे में गया और सुनील को सोता देख पास में ही रखी कुल्हाड़ी से सुनील के सिर में वार कर उसका सिर फाड़ दिया जिससे सुनील की मौके पर ही मौत हो गई।

परिषद विद्यालयों के शिक्षकों ने किया विद्या स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण

टीबीसी संवाददाता

गाजियाबाद। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और प्रभावी शिक्षण पद्धतियों को समझने के उद्देश्य से परिषद विद्यालयों के लगभग 20 शिक्षकों के एक दल ने एसआरजी श्रीमती पूनम शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में सेक्टर-4, आदित्य वर्ल्ड सिटी, गाजियाबाद स्थित विद्या स्कूल का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्या स्कूल के मोंटेसरी शिक्षण वातावरण तथा बच्चों की दैनिक सीखने की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान मोंटेसरी पद्धति के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे बच्चों के सीखने के संवेदनशील चरण, नॉर्मलाइजेशन तथा स्वावलंबी एवं आत्मअनुशासित सीखने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों को ईपीएल (एवरीडे पैरेक्टीकल लाईफ) गतिविधियों, सेंसोरियल लर्निंग, तथा गणित एवं भाषा अवधारणा निर्माण से जुड़ी कक्षा-गत गतिविधियों का भी व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री/श्रीमती सोमा सिंह ने कहा, इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। इससे न केवल शिक्षण पद्धतियों का आदान-प्रदान होता है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु नए दृष्टिकोण भी विकसित होते हैं। परिषद विद्यालयों के शिक्षकों ने विद्या स्कूल के बाल-केंद्रित, सुव्यवस्थित एवं अनुभवात्मक शिक्षण वातावरण की सराहना करते हुए इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया। शैक्षणिक ब्रह्मांड में ब्लॉक भोजपुर से अनुराधा ब्लॉक लोनी से लता शर्मा और प्रीति अग्रवाल, नगर क्षेत्र से कविता और अंजू सैनी, ब्लॉक मुरादनगर से रीनू, निशि और सुमन, ब्लॉक रजापुर से सीमा गौतम,अमिता, प्रियंका और अमिता ने अपने-अपने ब्लॉक का प्रतिनिधित्व किया।



इंदिरापुरम की ग्रीन बेल्ट को खाली कराने बुलडोजर लेकर पहुँची महापौर

पूर्व में कराई थी 1100 मीटर भूमि खाली, शुक्रवार को कराई 800 मीटर भूमि खाली

टीबीसी संवाददाता

- अन्य कई लोगो को निगम ने दिया 2 दिन का वक्त
- नगर निगम की ग्रीन बेल्ट पर आज फिर मिला कार वाश,कार रिपेयर,झुग्गी आदि का कब्जा
- इंदिरापुरम के हालात ठीक करने में लगेगा वक्त,कर रहे लगातार प्रयास : महापौर

गाजियाबाद। गाजियाबाद नगर निगम महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक ने नेतृत्व में बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है जिसकी सराहना पूरा शहर भी कर रहा है नगर निगम ऐसे ही इंदिरापुरम में नाले,सड़क,सीवर,पेयजल लाइन, ग्रीन बेल्ट विकसित आदि पर विकास कार्य कर रहा है लेकिन पूर्व में इंदिरापुरम में बहुत अवैध कब्जे किये गए हैं। ऐसे ही ग्रीन बेल्ट पर भी लोगो ने अवैध कब्जे कर किराया वसूलने के कार्य किया है जिसको किसी ने भी नही देखा। अभी कुछ समय पहले महापौर ने एन एच 9 स्थित इंदिरापुरम की ग्रीन बेल्ट का निरीक्षण किया और नगर निगम अधिकारियों ने ग्रीन बेल्ट से कब्जा मुक्त भी कराया लेकिन महापौर सुनीता दयाल आज फिर मोके पर पहुँची और उपरोक्त ग्रीन बेल्ट के आप पास का निरीक्षण किया तो देखने मे आया कि अभी और भी कब्जा बचा हुआ है जिसको खाली कराने है तभी नगर निगम अधिकारियों के साथ पूरी टीम को मौके पर बुलाया और बचे हुए अवैध कब्जे ओर खाली कराया और कुछ लोगो को 2 दिन का समय भी दिया ताकि उनका नुकसान न हो सके। इसके साथ साथ महापौर ने इंदिरापुरम एस टी पी के पास मियावाकी का भी निरीक्षण किया जिसमे पाया कि नगर निगम की भूमि से लगी भूमि पर झुग्गी पड़ी है और कनावनी के कुछ लोगो द्वारा किराए पर दी गयी है जिसमे महापौर ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त भूमि की जांच की जाए और नगर निगम की है तो उसपर भी बिल्डोजर चलाया जाएगा।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि पूर्व में इंदिरापुरम पर किसी ने ध्यान नही दिया है आप पास के लोगो ने बिहार बंगाल एवं बाहरी लोगों को विकास प्राधिकरण की भूमि जो अब नगर निगम के पास है को किराए पर देदी और किसी ने देखा तक नही, इंदिरापुरम अब नगर निगम को हस्तांतरित किया गया है तो नगर निगम विकास कार्यो से लेकर भूमि/ग्रीन बेल्ट कब्जे तक हटवाने का भार उठा रहा है और जल्द ही इंदिरापुरम की स्थिति को ठीक करने का भी प्रयास किया जा रहा है।

दूसरे दिन 50% की जबरदस्त उछाल, मर्दानी 3 ने दो दिन में कमाए 10 करोड़

टीबीसी संवाददाता

नई दिल्ली। यशराज फिल्म्स की हिट फ्रेंचाइजी मर्दानी 3 बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। रानी मुखर्जी अभिनीत इस फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन 50 प्रतिशत की जबरदस्त छलांग लगाते हुए दो दिनों में कुल 10 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

शनिवार को फिल्म ने 6 करोड़ रुपये नेट का कारोबार किया, जिससे साफ संकेत मिलते हैं कि रविवार को कलेक्शन में और भी बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। पहले दिन मर्दानी 3 ने 4 करोड़ रुपये की कमाई के साथ न सिर्फ मर्दानी फ्रेंचाइजी की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की, बल्कि रानी मुखर्जी की किसी भी सोलो फिल्म की सर्वश्रेष्ठ ओपनिंग भी साबित हुई।

बेहतरीन समीक्षाओं और मजबूत वर्ड ऑफ माउथ का फायदा फिल्म को लगातार मिल रहा है। सामाजिक संदेश से जुड़ी इस थ्रिलर को दर्शकों से खासा प्यार मिल रहा है और कंटेंट-ड्रिवन फिल्मों को पसंद करने वाले दर्शकों के लिए यह फिल्म ह्यमस्ट वॉचह्ल बनती जा रही है।

फिल्म को एक संतुलित और नियंत्रित रिलीज रणनीति के तहत मुख्य रूप से मेट्रो और शहरी केंद्रों में प्रदर्शित किया गया है, जहां लंबी रेस को ध्यान में रखते हुए कदम बढ़ाया गया। प्रतिस्पर्धी फिल्मों की मौजूदगी के बावजूद दूसरे दिन आई 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया को साफ तौर पर दशार्ती है। पोस्ट-पैंडेमिक दौर में जहां थ्रिलर फिल्मों को सिनेमाघरों में संघर्ष करना पड़ा है, वहीं मर्दानी 3 उन चुनिंदा हिंदी थ्रिलर्स में शामिल हो गई है, जिसने थिएट्रिकल स्तर पर ठोस पकड़ बनाई है।

रानी मुखर्जी की थिएटर अपील एक बार फिर साबित हुई है। अपने 30 साल के फिल्मी करियर में वह आज भी सोलो लीड के तौर पर दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में सफल रही हैं, जो उनके मजबूत बॉक्स ऑफिस भरोसे को दशार्ता है।

राजनगर में हिन्दू सम्मेलन से पूर्व निकाली कार-बाइक रैली

गाजियाबाद। समाज में जागरूकता लाने और समस्त हिन्दू समाज को एक मंच पर लाने के लिए राजनगर में आगामी 8 फरवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन में शामिल होने के लिए सभी को संदेश देते हुए एक बाइक व कार रैली निकाली गई। यह रैली सरस्वती विद्या मंदिर राज नगर सेक्टर 9 से आरंभ होकर सेक्टर 13 व 14 से होती हुई, सेक्टर 14 के चौराहे से हिन्ट चौराहा होकर सेक्टर दो, पांच से निकलकर पुनः सेक्टर 10 के चौराहे से होती हुई, सेक्टर नौ के पश्चात सेन्ट्रल पार्क पर समाप्त हुई। इस रैली में महिलाओं तथा पुरुषों एवं युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पूरे राजनगर को प्रभु राम की भगवा पताका तथा तोरणद्वार से सजाया गया था।

मेवाड़ यूनिवर्सिटी की 'धार्मिक आशंकाओं के उन्मूलन के प्रयास' विषय पर नेशनल सेमिनार आयोजित

नफरत से नफरत नहीं मिटेगी: इंद्रेश

टीबीसी संवाददाता

नई दिल्ली। लोधी रोड स्थित इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित मेवाड़ यूनिवर्सिटी के नेशनल सेमिनार में आरएसएस के प्रमुख वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने कहा कि नफरत से नफरत नहीं मिटेगी। घृणा से घृणा खत्म नहीं होगी। इसे मिटाने के लिए किसी न किसी को तो आगे आना ही होगा। वह हम क्यों नहीं हो सकते हैं। क्यों इंतजार किया जाए कि वह पहले आएं। हम क्यों नहीं उस दिशा में बढ़ें। हमें ही पहल करनी होगी। 'धार्मिक आशंकाओं के उन्मूलन के प्रयास' विषय पर वे बतौर मुख्य वक्ता अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। सेमिनार में देश के विभिन्न धर्मों से ताल्लुक रखने वाले 21 विद्वानों ने इस विषय पर अपने सारगर्भित वक्तव्य दिये। अपने अमूल्य सुझाव भी प्रस्तुत किये। जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खुलकर सराहा। कुल चार सत्रों में आयोजित इस सेमिनार का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विद्यार्थियों ने सर्वधर्म प्रार्थना से सेमिनार की शुरूआत की। अपने स्वागत भाषण में मेवाड़ यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉक्टर अशोक कुमार गदिया ने कहा कि समाज से भाईचारा खत्म हो चला है। लोग अपने-अपने धर्म के वृत्त में सिकुड़ते चले जा रहे हैं। आपसी संवाद खत्म हो चला है। कुछ व्यक्तियों के कृत्यों के आधार पर पूरी कौम या जाति को कटघरे में खड़ा करना कहीं से न्याय संगत नहीं दिखता। पूरी जाति या समुदाय को दोषी ठहराना मानवता की भावना के प्रतिकूल है। नफरत भड़काने वाले नारे और उग्र भाषण कभी एक सभ्य और सहिष्णु समाज की निशानी नहीं हो सकती। आपसी मतभेदों को दूर करने का एक तरीका साफ दिखता है। वह है-प्राथमिक स्तर पर ही सभी धर्म के बारे में सटीक और तथ्यात्मक जानकारी देना शुरू करना। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पवन सिन्हा ने कहा कि धर्म ईश्वर का बनाया नहीं है। यह तो मानव की निर्मित एक सकारात्मक सामाजिक व्यवस्था है। इसीलिए मेरा धर्म बड़ा और तेरा धर्म छोटा ऐसी बात करने वाला व्यक्ति अपनी छोटी मानसिकता का ही परिचय देता है। जरूरत तो इस बात की है कि लोग अपने धर्म की बात दूसरों को बताएं तथा दूसरे के धर्म की अच्छी बात खुद भी आत्मसात करें। इस्लामी विषयों के जानकार मौलाना कल्बे रुशैद रिजवी ने कहा कि जो रसूल को मानता है रसूल की नहीं मानता, अल्लाह को तो मानता है पर अल्लाह की नहीं मानता वह आतंकवादी नहीं बनेगा तो और क्या बनेगा। इसीलिए 'का' को समझकर 'की' की ओर यात्रा ही हर धर्म का मूल सार है। ईसाई धर्म के विद्वान एचडी थॉमस ने कहा कि धर्म हद से ज्यादा मानव पर हावी हो चला है। जिसकी वजह से लोग अब घुटन महसूस करने लगे हैं। जैन धर्म के विद्वान योग भूषण महाराज ने कहा कि स्वभाव ही धर्म है। हर प्राणी, वस्तु का अपना-अपना स्वभाव होता है। और वह भाव ही धर्म है। मानव का स्वभाव है-मानवता करुणा, सत्य, प्रेम, दया, क्षमा, अहिंसा आदि। यही उसका धर्म भी है। सिख धर्म के जानकार एवं स्कॉलर प्रोफेसर डॉक्टर दिलवर सिंह ने कहा कि मुझे समझ में ही नहीं आता कि मजहब के नाम पर इतनी लड़ाइयां ही क्यों हो रही हैं। जबकि सब एक ही बंदे से उपजे हैं, एक ही नूर की उपज हैं। फिर झगड़ा की गुंजाइश ही कहाँ बचती है। जरूर यह उन लोगों की कारगुजारियां हैं जो अपने धर्म से अपना धंधा चलाते रहना चाहते हैं। बौद्ध धर्म के विद्वान आचार्य येशी फुंत्सोक ने कहा कि आधुनिक शिक्षा आध्यात्मिक शिक्षा में मिलाकर दी जाए। समापन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री और इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के अध्यक्ष सलमान खुर्शीद ने कहा कि धर्म को समझने में जरूर कोई भूल हो जा रही है। कोई चूक है जिसका फायदा सांप्रदायिक टकरावों को जन्म दे रहा है। उसे भूल-चूक समझना होगा। समझकर उसे दूर करने की आवश्यकता है। अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर महेशचंद्र शर्मा ने कहा कि सबका धर्म एक है। धर्म अपने आपमें एकवचन है। लेकिन हर एक का धर्म अलग-अलग होता है। कैसे? एक ही धर्म के व्यक्ति में व्यापारियों का धर्म अलग है, जुलाहे का अलग, किसान का अलग, विद्यार्थी का अलग तो शिक्षक का अलग। मतलब अपने-अपने कार्य के धर्म तो अलग हो सकते हैं पर मानने वाले सभी एक ही धर्म को भी मान सकते हैं। सेमिनार में मोहम्मद फैज खान, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के थियोलॉजी के प्रसिद्ध विद्वान डॉक्टर रेहान अख्तर, दिल्ली विश्वविद्यालय की पूर्व अधिकारी डॉ. गीता सिंह, डॉक्टर शफकत खान, साहित्यकार अरविंद मंडलोई, डॉक्टर उमर इलियासी, सचिन बुधोलिया, उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश आईएम कुदुसी, सुशील पंडित जैसे विश्व विख्यात विद्वानों ने धार्मिक आशंकाओं के उन्मूलन के प्रयास विषय पर अपने विचार प्रकट किये। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कुशल संचालन कवि एवं पत्रकार डॉ. चेतन आनंद ने किया। सभी विद्वानों को मेवाड़ विश्वविद्यालय की ओर से अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

यशोदा मेडिसिटी ने निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने के लिए एडल्ट वैक्सीनेशन क्लिनिक का उद्घाटन किया

उद्घाटन के साथ वयस्क टीकाकरण के महत्व को रेखांकित किया गया, जो बीमारियों की रोकथाम और स्वस्थ जीवन को समर्थन देता है

टीबीसी संवाददाता

दिल्ली-एनसीआर। दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख अस्पतालों में से एक, यशोदा मेडिसिटी ने अपने एडल्ट वैक्सीनेशन क्लिनिक के शुभारंभ के साथ निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। यह समर्पित केंद्र वयस्क टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और टीकाकरण सेवाओं तक व्यवस्थित पहुंच उपलब्ध कराने का उद्देश्य रखता है, जिससे दीर्घकालिक रोगों की रोकथाम और समुदायों में स्वस्थ उम्र बढ़ने को समर्थन मिल सके।

इस क्लिनिक का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर यशोदा मेडिसिटी के वरिष्ठ नेतृत्व और चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहे। यह पहल उस लंबे समय से चली आ रही धारणा को दूर करने का प्रयास है कि टीकाकरण केवल बचपन तक ही सीमित है। बदलती जीवनशैली, बढ़ती आयु प्रत्याशा और दीर्घकालिक बीमारियों की बढ़ती व्यापकता के कारण वयस्कों में इन्फ्लुएंजा, निमोनिया, हेपेटाइटिस, टिटनेस और शिंगल्स जैसे संक्रमणों का खतरा बढ़ रहा है।

इस क्लिनिकल पहल के प्रभाव को और मजबूत करने के लिए, यशोदा मेडिसिटी 'वैक्सीनेशन जरूरी है' नामक जागरूकता अभियान भी चला रहा है, जिसका उद्देश्य वयस्क टीकाकरण को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों, उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों, यात्रियों और कार्यरत पेशेवरों को समय पर टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक करने पर केंद्रित है। क्लिनिक में उपलब्ध सेवाओं के साथ-साथ अस्पताल इस पहल को सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों और डिजिटल अभियानों के माध्यम से भी आगे बढ़ाएगा, जिससे लोग अपने स्वास्थ्य से जुड़े निर्णय बेहतर ढंग से ले सकें।

निवारक स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, यह पहल भारत की व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के अनुरूप है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के अनुसार, केवल इन्फ्लुएंजा ही हर वर्ष लगभग 5-10 प्रतिशत वयस्कों को प्रभावित करता है। हालांकि बचपन के टीकाकरण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन सीमित जागरूकता और संरचित निवारक व्यवस्था के अभाव में वयस्क टीकाकरण अभी भी पर्याप्त रूप से उपयोग में नहीं आ पा रहा है। इसी संदर्भ में, सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (CDC) और एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया (API) सहित राष्ट्रीय और वैश्विक टीकाकरण दिशानिर्देश सभी वयस्कों के लिए नियमित और जोखिम-आधारित टीकाकरण पर जोर देते हैं। एडल्ट वैक्सीनेशन क्लिनिक का उद्देश्य प्रमाण-आधारित टीकाकरण परामर्श उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण अंतर को पाटना और समन्वित बहु-विषयक देखभाल को सक्षम बनाना है, जिससे रोके जा सकने वाले संक्रमणों और दीर्घकालिक स्वास्थ्य जटिलताओं को कम किया जा सके।

श्री शुभांग अरोड़ा, कार्यकारी निदेशक, यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, ने कहा, स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देना आवश्यक है। वयस्क टीकाकरण बीमारियों की रोकथाम का एक प्रभावी लेकिन कम उपयोग किया जाने वाला साधन है। इस क्लिनिक के माध्यम से हमारा लक्ष्य वयस्क टीकाकरण को अधिक सुलभ और स्वीकार्य बनाना है। डॉ. छवि गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट, इंफेक्शियस डिजीज, एडल्ट इम्यूनाइजेशन एंड ट्रैवल मेडिसिन, ने कहा, कई वयस्क यह नहीं जानते कि टीकाकरण बचपन के बाद भी उतना ही महत्वपूर्ण है। समय पर टीकाकरण गंभीर संक्रमण और जटिलताओं के खतरे को काफी हद तक कम कर सकता है, खासकर अधिक जोखिम वाले समूहों में। यह क्लिनिक जागरूकता बढ़ाने और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

यह उद्घाटन जागरूकता, समय पर उपचार और चिकित्सा उत्कृष्टता के माध्यम से निवारक और रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए यशोदा मेडिसिटी की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

NSD का 25वां भारत रंग महोत्सव 10वें दिन पहुंचा

130 से ज्यादा परफॉर्मेंस, 19 जगहें, माइक्रो ड्रामा से लेकर वन-एक्ट प्ले तक अलग-अलग फॉर्मेट

टीबीसी संवाददाता

दिल्ली। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा द्वारा आयोजित दुनिया का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय थिएटर फेस्टिवल, 25वां भारत रंग महोत्सव (BRM), अपने 10वें दिन भी भारत और दुनिया भर से अलग-अलग तरह के थिएटर प्रदर्शनों के शक्तिशाली प्रदर्शन के साथ दर्शकों को लुभाता रहा। जब तक यह खबर पाठकों तक पहुंचेगी, BRM 2026 भारत में 19 जगहों पर 130 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन - जिसमें माइक्रो ड्रामा और वन-एक्ट प्ले शामिल हैं - पहले ही दिखा चुका होगा। इन प्रदर्शनों में 31 माइक्रो ड्रामा, 5 वन-एक्ट प्ले और 9 नुक्कड़ नाटक शामिल थे, जिन्हें दिल्ली-ठउफके कॉलेजों के अलग-अलग छात्र समूहों ने पेश किया, जिससे फेस्टिवल की लाइनअप में गहराई, रचनात्मकता और युवा ऊर्जा जुड़ी। इन नाटकों के अलावा, BRM 2026 में अब तक विभिन्न इन्फोटेनमेंट कार्यक्रम - जिसमें बैंड परफॉर्मेंस, टॉक शो, साहित्यिक चर्चाएं, फिल्म स्क्रीनिंग और बच्चों की थिएटर वर्कशॉप शामिल हैं - भी इसका हिस्सा रहे हैं।

फेस्टिवल के 10वें दिन कहानी कहने का एक समृद्ध स्पेक्ट्रम दिखाया गया, जिसमें आकर्षक उर्दू और हिंदी कहानियों से लेकर कश्मीरी लोक परंपराएं शामिल थीं, साथ ही पोलैंड और रूस के अंतर्राष्ट्रीय प्रोडक्शन भी थे - जो वैश्विक कहानियों को एक ही मंच पर लाए। इस दिन एक आकर्षक नुक्कड़ नाटक सेगमेंट, गौतम किशनचंदानी टीस जोसेफ टॉक शो भी हुआ, जिसने दर्शकों की जबरदस्त भागीदारी हासिल की और फेस्टिवल में एक जीवंत, इंटरैक्टिव परत जोड़ी।

दिन का पहला फुल-लेंथ नाटक 'बदजात' था, जिसे बिलकिस जफरुल हसन ने लिखा था और जावेद समीर ने निर्देशित किया था, जिसे क्रिएटिव अड्डा, दिल्ली ने प्रस्तुत किया। इसके बाद 'डैडी' नाटक हुआ, जिसे सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ ने लिखा और निर्देशित किया था और उत्तर प्रदेश के दर्पण लखनऊ समूह ने इसका प्रदर्शन किया।

दिन का पहला फुल-लेंथ नाटक 'बदजात' था, जिसे बिलकिस जफरुल हसन ने लिखा था और जावेद समीर ने निर्देशित किया था, जिसे क्रिएटिव अड्डा, दिल्ली ने प्रस्तुत किया। इसके बाद 'डैडी' नाटक हुआ, जिसे सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ ने लिखा और निर्देशित किया था, जिसका प्रदर्शन उत्तर प्रदेश के दर्पण लखनऊ समूह ने किया। इसके अलावा, दर्शकों ने कश्मीरी प्रोडक्शन 'अका नंदन (आँखों का तारा)' का अनुभव किया, जो अरशद मुश्ताक द्वारा निर्देशित और श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर के पेथर बराये' कशीर द्वारा प्रस्तुत एक भांड पाथर नाटक था - जिसने इस क्षेत्र की समृद्ध लोक संस्कृति को मुख्य मंच पर लाया।

इंटरनेशनल सेगमेंट में पोलिश-अंग्रेजी प्रोडक्शन 'उमादेवी ऑब्जर्व्स वांडा डायनोव्स्का' दिखाया गया, जिसे थिएटर मालाबार होटल के लिकाज चोटकोव्स्की ने लिखा और निर्देशित किया था, इसके बाद 'ए वेरी सिंपल स्टोरी' था, जो रूस के GITIS के एलेक्सी ब्लोखिन द्वारा निर्देशित एक रूसी प्रोडक्शन था। दोनों परफॉर्मेंस ने वैश्विक कलात्मक आदान-प्रदान और क्रॉस-कल्चरल बातचीत के प्रति फेस्टिवल की प्रतिबद्धता को दिखाया।

NSD स्टूडेंट्स यूनियन की पहल आद्वित्य के हिस्से के रूप में, स्ट्रीट प्ले सेगमेंट में प्रमुख कॉलेज थिएटर ग्रुप्स के परफॉर्मेंस के माध्यम से शक्तिशाली कहानियों को सामने लाया गया। विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के विवरण ग्रुप ने कुछ अनसुने के साथ शोकेस की शुरूआत की, जो बाल शोषण के बेहद संवेदनशील और जरूरी मुद्दे पर एक दमदार नाटक था, जो समाज से अक्सर अनकही रह जाने वाली कहानियों को सुनने का आग्रह करता है। इसके बाद इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर विमेन के रहनुमा ग्रुप ने बेबी शार्क डू डू डू डू का प्रदर्शन किया, जो एक विचारोत्तेजक प्रस्तुति थी जो यह बताती है कि पेरेंटिंग स्टाइल और पारिवारिक माहौल बच्चे के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को कैसे आकार देते हैं। इस सेगमेंट में फेयरफील्ड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के जेहानल ग्रुप को भी दिखाया गया, जिसका प्रभावशाली चित्रण कैदियों द्वारा सामना की जाने वाली वास्तविकताओं, भावनात्मक उथल-पुथल और सिस्टम की चुनौतियों पर केंद्रित था, जो सलाखों के पीछे के जीवन की एक दुर्लभ झलक पेश करता है।

आद्वित्य के तहत क्यूरेट किए गए फिल्म स्क्रीनिंग सेगमेंट में, चुनिंदा FTII डिप्लोमा फिल्मों को दिखाया गया, जो संस्थान की मजबूत सिनेमाई कहानी कहने की विरासत को दशार्ती हैं। लाइनअप में जसमीत सिंह द्वारा निर्देशित इन द शैडो ऑफ स्ट्रैंड्स; अदिति सिन्हा की हूज स्टोरीज आर दीज; और मार्मिक विजय दत्त को प्यास क्यों लगती है शामिल थीं। प्रत्येक फिल्म ने अलग-अलग सिनेमाई आवाजों और विविध विषयगत अन्वेषणों को उजागर किया, जिससे फेस्टिवल की प्रोग्रामिंग में गहराई और आयाम जुड़ा।

दिन का अंत अतरंगी सतरंगी के साथ हुआ, जिसे डेवाइज्ड प्ले द्वारा लिखा गया था, जिसका नेतृत्व डॉ. एस. बूमिनथन और दीपा ने किया, ग्रुपः NSD TIE, संडे क्लब पार्ट-1, ग्रुप-ख। अपने बड़े आउटरीच के तहत, डे 10 के प्रोडक्शन कई शहरों में मंचित किए गए – जिसमें फेस्टिवल का मुख्य केंद्र दिल्ली भी शामिल है – साथ ही बेंगलुरु, पटना, सखली (गोवा), कोलकाता, पारादीप (ओडिशा), रांची, रायपुर, सूरत और पुणे भी शामिल हैं।

25वां एडिशन, BRM 2026, 27 जनवरी से 20 फरवरी 2026 तक 25 दिनों तक चलेगा, जिसमें 228 भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में 277 से ज्यादा प्रोडक्शन दिखाए जाएंगे, जिनमें कई कम बोली जाने वाली भाषाएँ भी शामिल हैं। यह फेस्टिवल राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय प्रोडक्शन को एक साथ लाता है, जिसमें 9 देशों और हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के थिएटर ग्रुप हिस्सा ले रहे हैं।

हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं के क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

परीक्षाओं को शुचितापूर्ण, सकुशल, शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराना सुनिश्चित किया जाएः रविन्द्र कुमार मॉदड़

टीबीसी संवाददाता

गाजियाबाद। जानकी सभागार, रामलीला मैदान, कविनगर में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ की अध्यक्षता में बोर्ड परीक्षा–2026 को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से केन्द्र व्यवस्थापक, सैक्टर मजिस्ट्रेट आदि की बैठक आहूत हुई। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं को शुचितापूर्ण, सकुशल, शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा–2026 हेतु हाई स्कूल में 14622 बालक व 13952 बालिकाएं, कुल योग–28574 हैं। वहीं इन्टरमीडिएट हेतु 12769 बालक व 12545 बालिकाएं, कुल योग 25314 हैं। इस प्रकार बोर्ड परीक्षा हेतु कुल परीक्षार्थियों की संख्या–53884 है। उक्त परीक्षाओं को कराने हेतु कुल 64 परीक्षा केन्द्र हैं। जिनमें कुल केन्द्र व्यवस्थापकों की संख्या-64, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों की संख्या-64, शिक्षा विभाग द्वारा सचल दल की संख्या-06, कन्ट्रोल रूम-01, जोनल मजिस्ट्रेट की संख्या-05, सैक्टर मजिस्ट्रेट की संख्या-21, स्टेटिक मजिस्ट्रेट की संख्या-64, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केन्द्र-शून्य हैं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रश्न पत्रों को सुरक्षित रखने हेतु एक स्ट्रॉग रूम की व्यवस्था 24ग7 घंटे सी०सी०टी०वी० वायॅस रिकार्डर सहित कराना सुनिश्चित करें। प्रश्न पत्रों को सुरक्षित रखने हेतु डबल लॉक की 04 अलमारी की व्यवस्था, परीक्षा केन्द्रों पर मोबाईल/अन्य वस्तु आदि रखने हेतु मैन गेट पर क्लाकरूम की व्यवस्था, परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्था 24x7 घंटे विद्युत व्यवस्था हेतु जैनरेटर, इनवर्टर आदि की व्यवस्था, परीक्षा केन्द्रों पर साफ-सफाई एवं पीने के पानी तथा शौचालय आदि की व्यवस्था, परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक कक्ष के सामने पीने के पानी के घड़े या मयूर जग आदि की व्यवस्था, परीक्षा केन्द्र पर क्षतिग्रस्त विद्युत वायर को बदलने तथा प्रत्येक कक्षों में पर्याप्त बल्ब, ट्यूबलाईट आदि की व्यवस्था की जाएं व परीक्षा केन्द्र से परीक्षा उपरान्त उत्तर पुस्तकाओं को बन्द गाडी में पुलिस सुरक्षा कर्मियों के साथ मुख्य संकलन केन्द्र पर जमा की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की पवित्रता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की सक्रिय व्यवस्था तथा संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराना सभी संबंधित अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान एडीएम सिटी, डीआईओएस, बीएसए, एडीएआईओएस, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के नागरिकों हेतु निःशुल्क आयुष्मान कार्ड की सुविधा

टीबीसी संवाददाता

गाजियाबाद। जिलाधिकारी के निदेर्शों के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान चिन्हित सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज प्रदान किया जाता है। आप सबसे अनुरोध है कि 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी लोग इस योजना से जुड़ने के लिए अपना आयुष्मान कार्ड सभी सरकारी चिकित्सा इकाइयों पर निःशुल्क बनवा सकते हैं। यह कार्ड आप स्वयं भी बना सकते है।

ध्यान रखें- इस कार्ड को बनाये जाने हेतु आधार कार्ड एवं उससे लिंक मोबाइल नम्बर का होना आवश्यक है। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु लिंक https://beneficiary.nha.gov.in और AYUSHMAN APP (DOWNLOAD FROM PLAY STORE) से डाउनलोड कर सकते हैं।

जनपद में 'आपदा मित्र' बनने का सुनहरा अवसर

गौतमबुद्धनगर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश के दिशा निदेर्शों के अंतर्गत आपदा मित्र परियोजना के तहत 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना, जिसके लिए जनपद से शेष 19 स्वयंसेवकों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। चयनित 19 आपदा मित्र स्वयंसेवकों को 17 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक मुख्यालय राज्य आपदा मोचन बल उत्तर प्रदेश लखनऊ में प्रशिक्षण हेतु भेजा जाएगा। प्रशिक्षण अवधि में ठहरने, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री तथा आवागमन सहित समस्त व्यय एसडीआरएफ द्वारा वहन किया जाएगा तथा चयनित अभ्यर्थियों से किसी प्रकार की धनराशि नहीं ली जाएगी। पात्र स्वयंसेवकों का नामांकन, पंजीकरण एवं अन्य औपचारिकताएं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संपन्न की जाएंगी। उन्होंने बताया कि आपदा मित्र के रूप में चयन हेतु अभ्यर्थी की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए, जबकि पूर्व सैनिक, सेवानिवृत्त चिकित्सा कर्मी एवं इंजीनियरों को अधिकतम 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। अभ्यर्थी गौतमबुद्धनगर का मूल निवासी हो तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 7वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थी का शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ होना तथा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अग्निशमन, नागरिक सुरक्षा, होमगार्ड्स एवं भूतपूर्व सैनिकों को वरीयता दी जाएगी। आपदा प्रबंधन एवं बचाव कार्यों का अनुभव रखने वाले तथा तैराक अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी, साथ ही महिला स्वयंसेवकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी, जो उपरोक्त मानकों के अनुरूप हों तथा जनपद गौतमबुद्धनगर के निवासी हों, वे अपना आवेदन पत्र 12 फरवरी 2026 तक कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय कक्ष संख्या-203 में जमा कर सकते हैं, ताकि समयबद्ध रूप से चयन प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें प्रशिक्षण हेतु लखनऊ भेजा जा सके। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी कंट्रोल रूम नंबर 01202978231 पर संपर्क कर सकते हैं।

औद्योगिक क्षेत्रों में स्वच्छता और विकास को लेकर डीएम ने दिए सख्त निर्देश

औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं और आगामी विकासात्मक कार्यों को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत करें: जिलाधिकारी

टीबीसी संवाददाता

गाजियाबाद। जनपद गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, उद्योगपतियों की समस्याओं का निस्तारण करने तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, सफाई, सड़कों का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने यूपीसीडा सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित सभी बिंदुओं को क्रमवार पीपीटी के माध्यम से बैठक में प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में अवैध अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए जिला अधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्रों में किए गए अवैध कब्जों को चिन्हित करें जिससे उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.